### थाने में खड़ी गाड़ियों की नीलामी के नाम पर 40 लाख की ठगी

# आरक्षक ने विभाग की साख पर लगाया बट्टा,एसपी ने किया निलंबित

## कांस्टेबल समेत तीन पर केस दर्ज




**शहडोल(विंध्यसत्ता)** लालच में इंसान किस हद तक गिर जाता इसका उदाहरण ब्यौहारी थाने में देखने को मिला है। थाना क्षेत्र में एक दंपती ने सोहागपुर थाने में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक के साथ मिलकर बेईमानी की सारी हदें पार कर दी। जिले के थानों में खड़े जब्त वाहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नीलामी के नाम पर आधा करोड़ यानी 40 लाख की धोखाधड़ी की है। मामला पुलिस अधिकरियों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस आरक्षक सहित दो अन्य के खिलाफ 420 की अन्य धाराओं के तहत मामला कायम कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

दरअसल बुढ़वा निवासी भूपन्द्र सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ब्यौहारी निवासी रोहित सोनी पत्नी सुषमा सोनी के साथ मिलकर थानों में खड़ी जप्त वाहनों की नीलामी के नाम पर 40 लाख 60 हजार रुपए की ठगी की है। इस काम में सोहागपुर थाने में पदस्थ आरक्षक विष्णु बागरी ने भी सहभागिता निभाई थी।

शहडोल जिले के कोतवाली, सोहागपुर व ब्यौहारी थानो में खड़े जब्त वाहनों की निलामी कराने के नाम पर पति पत्नी ने पहले फर्जी दस्तावेज तैयार कर पुलिस आरक्षक के साथ मिलकर ठगी की थी।

पीड़ित की शिकायत पर ब्यौहारी पुलिस ने पति रोहित सोनी पत्नी सुषमा के साथ साथ पुलिस आरक्षक विष्णु बागरी के खिलाफ धारा 420, 465, 466, 467, 471, 472, 474, 475, 120 बी के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरक्षक को पुलिस अधिकरियों ने निलंबित कर दिया है।

एसपी कुमार प्रतीक ने बताया कि फाइनेंसियल फ्राड शिकायत आई थी। सरकारी गाड़ियों की नीलाम कर उसके एवज में 40 लाख रुपए पति पत्नी द्वारा लिए गए थे। इसमें एक आरोपी आरक्षक भी था। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आरक्षक को निलंबित भी कर दिया है।

# शराब का अवैध कारोबार करने वालो के ऊपर पुलिस ने 07 स्थानो पर दबिश देकर अवैध शराब की जप्त




**शहडोल(विंध्यसत्ता)** थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत दिनांक 19.02.2023 को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम देवरहा में दबिश देकर आरोपी बुद्वसेन पिता चमरू बैगा निवासी देवदहा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रुपए एवं ग्राम करूआ में दबिश देकर आरोपिया हेमराज चैधरी की पत्नी निवासी करूआ के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रुपए की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सउनि0 दयाराम दुबे एवं प्रआर0 प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शहडोल। थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत दिनांक 19.02.2023 को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम ढोलर में दबिश देकर आरोपी कोमल सिंह पिता देवशरण सिंह निवासी ढोलर के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रुपए एवं ग्राम बांसा में दबिश देकर आरोपिया नीरज जैसवाल की पत्नी निवासी बांसा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रुपए की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा दोनो आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सउनि0 अवध प्रसाद पाण्डेय एवं संतोष कुमार मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शहडोल। थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 19.02.2023 को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने धनपुरी में दबिश देकर आरोपिया इतवारी प्रजापति निवासी धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब

कीमती 600 रुपए एवं आरोपी रोहित पिता राम प्रसाद दाहिया निवासी धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रुपए की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सउनि0 राजाभैया बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शहडोल। थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 19.02.2023 को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम छकता में दबिश देकर आरोपी मंगल दीन पिता छोटेलाल मौर्य निवासी गजवाही के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 रुपए की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सउनि0 दिनेश द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कुंए में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत जहरीली गैस व करंट से हुई मौत,लोगो का कहना



**शहडोल(विंध्यसत्ता)** ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मऊ में कुंए में डूबने से दो युवकों की मौत के बाद मातम छा गया। दोनों रिश्ते में सगे भाई बताए जा रहे थे। इस संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी चंद्र प्रकाश गोस्वामी 46 वर्ष के मकान में कुँए से पानी निकालने के लिए अंदर मोटर पम्प लगाया गया था। जो कि सोमवार को अचानक खराब हो गया। जिसके बाद उसे सुधरवाने के लिए चंद्रप्रकाश एवम शेषमणि गोस्वामी की 35 वर्ष बारी बारी से कुंए में उतरे। हालकि कौन पहले कुंए में उतरा यह नही पता चल सका है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि जब एक भाई काफी देर में अंदर से बाहर नही आया तो दूसरा भाई कुंए में अंदर गया होगा। लेकिन एक भाई को यह पता ही नही चल पाया कि उसके भाई की कुंए के अंदर मौत हो चुकी है। इस बात से अनजान दूसरा भाई भी कुंए में अंदर उतर गया, जहां उसकी भी मौत ही गयी। चूंकि कुँए के अंदर मोटर पम्प लगा था ,तो ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि कही पानी मे करंट तो नही आ गया था ,जिससे दोनों भाइयों की मौत हो गयी। वही कुंए के अंदर जहरीली गैस होने की भी बात सामने आ रही है। बहरहाल जानकारी लग्नर के परिजनो द्वारा इसकी सूचना ब्यौहारी थाना पुलिस को दी गयी ।पुलिस भी मौके पर पहुच चुकी है। पुलिस द्वारा रेस्कयू टीम को बुलाया गया है। ताकि सावधानी पूर्वक शव की बाहर निकाला जा सके।

# बीजेपी द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर जिला कार्यसमिति की कामकाजी बैठक संपन्न

**जुनैद खान जिला ब्यूरो**

शहडोल(विंध्यसत्ता) नगर के कमला नगर स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर जिला कार्यसमिति की कामकाजी बैठक संपन्न हुई वही पार्टी की परंपराअनुसार कार्यक्रम की शुरूआत में भाजपा के पित पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर व वंदे मातरम गीत गाकर बैठक की शुरूआत की गई इस अवसर पर भाजपा शहडोल जिले के प्रभारी श्री पीतांबर टोपनानी जी भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ,जागेंद्र सिंह ,अशोक मिश्रा, सातिका प्रसाद तिवारी, सुशील शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, शीतल पोद्दार, जिला महामंत्री दीपक शर्मा ,मनोज आर्मो मंचासीन रहे इस दौरान बैठक में राष्ट्रपति जी का अभिभाषण का वाचन श्री सुशील शर्मा द्वारा किया गया इसी प्रकार आजीवन सहयोग निधि के संबंध में जिला महामंत्री दीपक शर्मा द्वारा चर्चा की गई तो वही सोशल मीडिया आईटी व संगठन ऐप को बूथ - बूथ तक पहुंचाने के विषय पर जिला




सोशल मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर विस्तार से जिला उपाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह कार्यकताओं को जानकारी दी इसी प्रकार बैठक में जिला संगठन प्रभारी श्री पीतांबर टोंपनानी जी द्वारा भूत सशक्तिकरण अभियान एवं संगठन द्वारा आगामी किए जाने वाले कार्यों को लेकर समीक्षा की गई समीक्षा बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा जिला आदर्श जिला है संगठन के प्रत्येक कार्य को पूरी गंभीरता से एक-एक कार्यकर्ता मिलकर करता है प्रदेश द्वारा जो मंसा जाहिर की गई है हम उस पर शत-प्रतिशत मेहनत करते हुए खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे साथ ही तीनों विधानसभा को बूथ पर जाकर मजबूत करते हुए पुनः एक बार शहडोल जिले से कमल के फूल की जीत सुनिश्चित करेंगे जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को मानसिक रूप से संगठन के कार्यों में लगते हुए अपने दायित्व के प्रति कर्तव्य एवं ईमानदारी का परिचय के साथ कार्य करते हुए अथक प्रयास करने हेतु आह्वान किया एवं इस वर्ष की आजीवन सहयोग निधि जल्द से जल्द जमा करने की कार्यकताओं अपील की है इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से जिला मंत्री शक्ति लक्षकार, सुनीता तरकीहार ,मीना कुशवाहा, धीरू सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कार्यालय मंत्री संतोष मिश्रा ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट सह सोशल मीडिया से रिकी विश्वकर्मा, धर्मेंद्र शुक्ला, एवं भाजपा जिला पदाधिकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री एवं समस्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष इस दौरान बैठक में उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना से मिला छोटेलाल को पक्का मकान




**शहडोल(विंध्यसत्ता)**- जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 5 निवासी श्री छोटे लाल बर्मन पहले अपने कच्चे मकान में परिवार के साथ गुजर बसर करते थें। हर साल बरसात में कच्चे मकान में आये दिन ऊपर से पानी ठपकता रहता था तथा इसी तरह ठंड के सीजन में भी ठंडी हवाए घर के अंदर घुसती थी जिससे उन्हें और उनके परिवार को परेशानियां झेलनी पड़ती थी। कम आमदनी से उनके मन में पक्के आवास का सपना कौसों दूर दिखता था दूसरों के पक्के घर को देखकर छोटेलाल सोचते थें कि इस जीवन में क्या मै भी पक्का मकान बनाकर कभी रहुंगा उनके इस सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना ने मूर्त रूप देकर पूरा कर दिया। इस योजना के तहत मकान स्वीकृत हो जाने से उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है जिसमें छोटेलाल ने कुछ अपने पैसे और लगाकर अपने मकान को बढ़िया ढंग से बनवा लिया अब वे पूरे परिवार के साथ खुशियों से रहने लगे है। छोटेलाल को अब घर की उन समस्याओं से निजात मिल गई है और वर्षा तथा ठंडी की दिक्कते उनके परिवार को नही उठानी पड़ती। छोटेलाल ने प्रदेश शासन और मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री को आवास दिलाये जाने पर धन्यवाद दिया है।

# पदस्थ पुलिसकर्मियों ने कोलकाता में आयोजित 43वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना स्थान प्राप्त कर शहडोल पुलिस को गौरवान्वित किया



## मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजयी पुलिसकर्मियो को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

**जुनैद खान जिला ब्यूरो**

शहडोल(विंध्यसत्ता) जिला शहडोल में पदस्थ पुलिसकर्मियों ने कोलकाता में आयोजित 43वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना स्थान प्राप्त कर शहडोल पुलिस को गौरवान्वित किया है। पुलिस लाईन में पदस्थ श्री सुरसरी लाल 60 वर्ष आयु वर्ग में 800 मी. दौड़ में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार थाना कोतवाली में पदस्थ श्री आशाराम कुशवाहा ने 30 वर्ष आयु वर्ग में पांच किमी पैदल चाल में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक ने दिनांक 20.02.2023 को दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर प्रशंसा पत्र प्रदाय किया। साथ ही आगे आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश वैश्य, उपुअ यातायात श्री मुकेश दीक्षित, रक्षित निरीक्षक श्री दीपेन्द्र कुशवाह समेत पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के विकास यात्रा को कांग्रेस पार्टी ने दिखाए काले झंडे



**शहडोल(विंध्यसत्ता)** जैतपुर विधानसभा क्षेत्र नगर परिषद् बकहो में काले झंडे से विधायक के विकास का स्वागत विकास का ढोल नगर में मचा रहे और विकास कहीं दिख नहीं रहा, निकाल रहे विकास यात्रा, आज कांग्रेस पार्टी जैतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ललन सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद् बकहो में भाजपा के विकास यात्रा को काले झंडे से किया गया स्वागत भाजपा से नाराज जैतपुर विधानसभा के जनता महंगाई चरम पर है क्षेत्र के युवा बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर ठोकर खा रहे बकहो नगर परिषद् में पानी की समस्या रोड की समस्या बिजली की समस्या छेड़ के जनता परेशां है भाजपा निकल रही घर-घर विकास यात्रा इस अवसर पर जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ललन सिंह, नगर परिषद् बकहो के मण्डलम कांग्रेस अध्यक्ष जवाहर राव, किसान कांग्रेस प्रदेश संगठन मंत्री अमित शर्मा ,नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद् बकहो रेखा अयोध्या राव, जिला सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, उमेश यादव, दुर्गा नापित, अभिषेक सिंह, रमाकांत विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, जोगिन्दर यादव, दयाराम यादव, गोपी केवट, शारदा तिवारी, संजीव श्रिवतस्तव, संदीप राव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को किया गया दस्तयाब,ऑपरेशन मुस्कान




**शहडोल(विंध्यसत्ता)** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर प्रदेश में ऑपरेशन मुस्कान प्रारंभ किया जाकर गुमशुदा नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी की कार्यवाही प्रभावी तौर पर की जा रही है। जिसके तहत जैतपुर पुलिस द्वारा तकनीकी सूचना के आधार पर अपहता को दिनांक 19.02.2023 को बीरगांव उरला जिला रायपुर छ0ग0 से दस्तयाब किये जाने की उल्लेखनीय कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में प्रभारी थाना जैतपुर के नेतृत्व में सउनि0 विजय बुंदेला, सउनि0 एम अमित दीक्षित सायबर सेल, आर0 राममोहन शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# पैसे की लालच में किया ऐसा काम जिससे हुआ धोखाधड़ी करने वाले आरोपियो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

**शहडोल(विंध्यसत्ता)** दिनांक 19.02.2023 को फरियादी भूपेन्द्र सोनी निवासी ग्राम पोस्ट बुड़वा थाना देवलोंद के द्वारा अन्य के साथ थाना ब्यौहारी में उपस्थित आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था कि रोहित कुमार सोनी पिता श्री शिवप्रसाद सोनी उर्फ मुन्ना लाल सोनी निवासी ब्यौहारी थाना ब्यौहारी जिला शहडोल, पत्नी श्रीमती सुषमा सोनी एवं पुलिसकर्मी विष्णु बागरी के द्वारा उन्हे यह जानकारी दी गयी थी कि पुलिस विभाग के द्वारा जप्त किये गए वाहनो की नीलामी कराई जा रही है।

आरोपियो के द्वारा आवेदको को थानो मे जप्तशुदा वाहनो को दिलाये जाने के एवज मे दिनांक 29/07/22 से 10/09/22 के मध्य लगभग 24,30,000 रुपये रोहित सोनी व उसके परिवार वालो के खाते मे डाला गया था और 16,30,000 रुपए नगद कुल रकम 40,60,000 रुपए दिया गया था। उक्त आरोपियो के द्वारा आवेदको से नीलामी के संबंध मे बोला गया था कि अलग-अलग दिनांक को आपको वाहन सुपुर्द किये जावेंगे। इस हेतु आरोपियो के द्वारा नीलामी




संबंधी फर्जी दस्तावेज भी तैयार किये गए थे। निश्चित दिनांक को वाहन न मिलने के पश्चात आवेदको के द्वारा थानो में जाकर जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि वाहन मौके पर मौजूद थे किन्तु किसी प्रकार की कोई नीलामी नहीं की जाना है। यह जानकारी लगते ही आवेदकों ने रोहित सोनी व उसके परिवार वालो से संपर्क कर पैसा वापस मांगा। पैसा वापस मांगने पर रोहित सोनी द्वारा उन्हें फांसी लगाकर आत्महत्या करने की धमकी दी गयी। रोहित की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि एक माह के भीतर पूरा पैसा वापस कर दिया जायेगा किन्तु लगभग 7-8 माह बीत जाने के बाद भी पैसा उन्हे वापस नही मिला। इस प्रकार आरोपीगणों ने धोखाधड़ी करके छलपूर्वक आवेदको क्रमशः भूपेन्द्र सोनी ग्राम पोस्ट बुड़वा से 7,55,000 रुपए, रवि कुमार सोनी एवं माता श्रीमती सरिता सोनी निवासी मुख्त्यारगंज सतना जिला सतना म.प्र. इन तीनो से 20,85,000 रुपये, राकेश सोनी पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद सोनी ग्राम पोस्ट खैरहा जिला शहडोल म0प्र0 से 3,50,000 रुपए, अश्वनी प्रसाद सोनी पिता श्री रामलाल सोनी ग्राम पोस्ट बुडवा जिला शहडोल म0प्र0 से 5,20,000 रुपये, गोरेलाल वैस पिता श्री रामलल्लू वैस ग्राम पोस्ट बुडवा जिला शहडोल म.प्र. से 3,50,000 रुपए लिये गए थे। आरोपीगणो के द्वारा प्रथमदृष्टया धारा 420, 465, 466, 467, 468, 471, 472, 474, 475, 120 बी भादवि का अपराध कारित करना पाये जाने से थाना ब्यौहारी मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी रोहित सोनी, सुषमा सोनी एवं निलंबित आरक्षक विष्णु बागरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।